मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्र सं0टीएस–सीसीटीएनएस–59–2012 दिनाँक:लखनऊ:अगस्त 14 ,2013

सेवा में,

1. समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक / परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश।
2. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक प्रभारी जनपद उत्तर प्रदेश।

केन्द्रीय सरकार द्वारा वित्त पोषित ''क्राइम एण्ड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एण्ड सिस्टम'' (सीसीटीएनएस) योजना के अन्तर्गत मुख्य सचिव,उ0प्र0शासन की अध्यक्षता में गठित ''स्टेट एपेक्स कमेटी'' की दिनांक 04.07.2013 को आयोजित मीटिंग के कार्यवृत्त शासन के पत्र संख्या 3056/6–पु–7–2013–78/2008 टी0सी0–2 दिनांक 30.7.2013 में यह निर्णय लिया गया कि डीजल जेंनरेटर को चलाने पर होने वाले खर्च हेतु धनराशि कार्यालय व्यय मद में आवंटित की जायेगी तथा तत्कालिक आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु पुनर्विनियोग से धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी।

2. उल्लेखनीय है कि डीजल जेनरेटर को प्रत्येक दिवस अधिकतम 08 घंटे विद्युत आपूर्ति जेनरेटर के माध्यम से की जायेगी तथा 05 केवीए के साइलेन्ट जेनरेटर द्वारा प्रति घंटे हेतु 3.5 लीटर डीजल की खपत (एक थाना पर एक दिन हेतु 08X3.5=28 लीटर डीजल) के आधार पर कुल राशि का प्राविधान किया गया है जिसकी सीमा के अन्तर्गत ही धनराशि उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था कार्यालय व्यय मद में आवंटित की जाय तथा तत्कालिक आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु पुनर्विनियोग से धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी।

3. इस सम्बन्ध में थानों पर उपलब्ध कराये जाने वाले डीजल जेनरेटर को चलाने के लिए पी0ओ0एल0 पर आने वाले खर्च के सम्बन्ध में धनराशि ''कार्यालय व्यय'' मद से आवंटित की जायेगी। थाने एवं पुलिस कार्यालय स्तर पर पर समानान्तर रूप से डीजल जेनरेटर के परिचालन हेतु डीजल खपत, स्टॉक रजिस्टर एवं रन रजिस्टर रख–रखाव नियमानुसार किया जायगा।

14-8-13

(डी0आर0 नागर)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि:

1. प्रमुख सचिव गृह, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद को उपरोक्त कार्यवृत्त की प्रति संलग्न कर डीजल जेनरेटर में डीजल के पीओएल हेतु पुनर्विनियोग से धनराशि उपलब्ध कराये जाने के अनुकम में अवलोकनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित है।
   संलग्नक–यथोपरि।
3. पुलिस महानिरीक्षक तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, उ0प्र0पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद ।